आर्टिफिशिअल इंटेलिजेन्सए आईओटी तंत्रज्ञान के कारण खुलेंगे निवेश के नये आयाम

अहमदाबादः बाजार और व्यापार में बढोत्तरी करनें हेतु सरकार की ओर से नयी औद्योगिक पॉलिसी की जल्द ही घोषणा होनें के आसार है. इस प्रस्तावित पॉलिसी के तहत नए तंत्रज्ञान जैसे आर्टिफिशिअल इंटेलिजेन्स और आईओटी के कारण भारत में निवेश के नए आयाम खुले होंगे. फिक्की द्वारा कोलमेस्सी जीएमबीएच के सहयोग से आयोजित अन्नपुर्णा वर्ल्ड ऑफ फूड इंडिया 2018. इस कार्यक्रम के 13 वे संस्करण में बोलतें हुए भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग के औद्योगिक योजना और प्रसार के सह सचिव श्री राजीव अग्रवाल ने कहा खाद्य संस्करण क्षेत्र अपनें देश के महत्त्वपूर्ण उभरतें हुए क्षेत्रों में से एक है. भारत के योजनाओं तथा मजबूत व्यावसायिक वातावरण के चलतें विदेशी निवेश अपनें देश में होता रहता है. भारत सरकार की ओर से खाद्य संस्करण क्षेत्र को बढावा देनें हेतु कुछ एफडीआई नियमों में बदलाव लाया जाएगा. अपनें विचारों को विडिओ संदेश के जरिए व्यक्त करतें हुए भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री सुरेश प्रभु नें कहा की भारत में 600 मिलियन टन कृषी और हॉर्टिकल्चर उत्पादनों का निर्माण किया जाता है. हम कृषी क्षेत्र संबंधित योजनाओं के साथ आयात निर्यात योजनाएं और फूड पार्क्स की योजनाओं पर काम कर रहें है जिस से बाजार में बढोत्तरी हो सकें. सभी महत्त्वपूर्ण घटकों को एकदुसरें के साथ जुडनें और बढोत्तरी के नए आयाम ढूंढनें के लिए अन्नपुर्णा वर्ल्ड ऑफ फूड इंडिया 2018 एक अनोखा मंच है. (3-1)

उप राष्ट्रपति श्री एम वेंकैया नायडू हैदराबाद में सीएचआईआरईसी इंटरनेशनल स्कूल के स्थापना दिवस समारोह के दौरान छात्रों को पुरस्कार वितरित करते हुए। साथ में तेलंगाना के गृह मंत्री श्री नरसिम्हा रेड्डी भी हैं।

‘बधाई हो’ का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार

मुंबई, जंगली पिकचर्स की अगली फिल्म ‘बधाई हो’ का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार है । आयुष्यमान खुराना और सान्या मल्होत्रा स्टारर इस फिल्म के मजेदार ट्रेलर और सॉन्ग के बाद मेकर्स ने एक शानदार पोस्टर लॉन्च किया है । इस पोस्ट में लीड स्टार्स आयुष्यमान और सान्या मल्होत्रा कार के पीछे खड़े नजर आ रहे हैं और ऐक्टर के हाथ में एक कार्ड है, जिस पर लिखा है, बेबी ऑन बोर्ड । उनके पीछे आयुष्यमान की फैमिली नजर आ रही है । आयुष्यमान और सामान्य के एक्सप्रेशन फिल्म की कहानी पर बिल्कुल फिट नजर आ रहे, जिसमें दिखाया गया है कि मिडल ऐज में पैरेंट्स की प्रेग्नेंसी से फैमिली पर क्या असर पड़ता है । जंगली पिकचर्स की फिल्म बरेली की बर्फी में नजर आ चुके आयुष्यमान एक बार फिर इस बैनर की फिल्म बधाई हो में नजर आनेवाले हैं । फिल्म के गाने ‘बधाइया तैनुं, ‘मोरनी बनके’ सॉन्ग दर्शकों को काफी पसंद आया है । जंगली पिकचर्स और क्रोम पिकचर्स की आने वाली फिल्म बधाई हो इन दिनों अपने स्टोरी लाइन की वजह से काफी चर्चा में हैं । बधाई हो के ट्रेलर में दिखाया गया है कि इस घर में सबकुछ बिल्कुल ठीकठाक चल रहा होता है कि अचानक नकुल के पिता एक हैरान कर देने वाली खबर घरवालों को देते हैं । वह बताते हैं कि उनकी वाइफ प्रेगनेंट हैं और इसे सुनकर घरवाले ही नहीं बल्कि मोहल्ले वाले और जानने वाला हर कोई हैं शॉक । शॉक से ज्यादा नकुल के लिए यह शर्मिदगी की वजह बन जाती है, जिसने यकीनन कभी न सोचा होगा कि इस उम्र में अब उनकी फैमिली में कोइ नया सदस्य आ सकता है । इस खबर का असर नकुल की लव लाइफ रिनी (सान्या मल्होत्रा) के साथ उनके रिश्ते पर भी पड़ता है । बधाई हो १९ अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है ।

बीएसएनएल का सांस्कृतिक प्रतियोगिता ‘ताना-रीरी’ कार्यक्रम संपन्न

18वीं अखिल भारतीय बीएसएनएल सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2018-19 ‘ताना-रीरी’ का उदघाटन माननीय डॉ. किरीट पी. सोलंकी, सांसद, लोकसभा एवं डॉ. प्रदीप कुमार होता, मुख्य महाप्रबंधक, गुजरात परिमंडल द्वारा दि. 04-10-2018 सुबह 9.30 बजे ठाकोरभाई देसाई हॉल, अहमदाबाद में हुआ । इस कार्यक्रम में 18 बीएसएनएल परिमण्डलों से आए हुए 200 कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्योने भाग लिया है । इस रंगारंग कार्यक्रम के पहले दिन ग्रुप डान्स एवं सोलो डान्स स्पर्धा के अंतर्गत गरबा, मणिपुरी, बिहू, कथ्थक, चाहु, चकयर कोठू आदि जैसे सुंदर लोकनृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । इस कार्यक्र्म के अंतर्गत आयोजित अन्य स्पर्धाएँ एकांकी नाट्य/ ड्रामा, वाद्य संगीत और वोकल/ सोलो सॉन्ग स्पर्धा के भाग स्वरूप दि। 5.10.2018 को भी मनोरंजक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की जाएंगी।

‘मिशन गंगे अभियान’ दल ने प्रधानमंत्री से भेंट की

गंगा नदी की साफ-सफाई को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए मिशन गंगे अभियान पर निकले 40 सदस्यीय दल ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की । दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाली पहली भारतीय महिला बछेंद्री पाल के नेतृत्व वाले इस अभियान दल में माउंट एवरेस्ट पर सफल चढ़ाई करने वाले 8 पर्वतारोही भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने अभियान दल के सदस्यों से बातचीत में उनके द्वारा की जा रही पहल की सराहना की और गंगा नदी की सफाई के महत्व को रेखांकित किया । उन्होंने दल के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे जिन शहरों से होकर गुजरे वहां अपने जागरुकता अभियान के दौरान विशेष रूप से स्कूली बच्चों से जरूर मिलें।

भारत सरकार के नमामि गंगे मिशन से प्रेरित इस अभियान को मिशन गंगे का नाम दिया गया है । एक महीने तक चलने वाले इस अभियान में हरिद्वार से पटना तक की दूरी रिवर राफ्टिंग के जरिए तय की जाएगी। इस दौरान अभियान दल बिजनौर, नारौरा, फरुर्खाबाद, कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी और बक्सर में रूकेगा। इन सभी स्थानों पर अभियान दल लोगों को गंगा की सफाई के प्रति जागरूक करेगा और स्वच्छता गतिविधियां चलाएगा।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण पुरस्कार 2018

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2018 के आधार पर अधिकतम जन भागीदारी के साथ शीर्ष स्थान पाने वाले जिलों और राज्यों को पुरस्कृत किया।

ये पुरस्कार राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन के समापन सत्र में प्रदान किए गए । हरियाणा को सर्वश्रेष्ठ राज्य का खिताब दिया गया जबकि महाराष्ट्र के सतारा जिले को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2018 की रैंकिंग में सबसे अच्छे जिले का स्थान मिला । उत्तर प्रदेश को पेयजल और स्वच्छता के क्षेत्र में सर्वाधिक जनभागीदारी के लिए पुरस्कृत किया गया। बाद में केन्द्रीय पेयजल और स्वच्छता मंत्री उमा भारती ने शीर्ष स्थान पाने वाले देश के तीन राज्यों और जिलों को प्रवासी भारतीय केंद्र में पुरस्कार प्रदान किए।

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय ने एक स्वतंत्र सर्वेक्षण एजेंसी के माध्यम से मात्रात्मक और गुणात्मक स्वच्छता (स्वच्छता) मानकों के आधार पर भारत के सभी जिलों की रैंकिंग तय करने के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण- 2018 (एसएसजी 2018) की शुरुआत की थी। रैंकिंग तय करने के लिए स्कूलों, आंगनवाड़ी, पीएचसी, हाट/बाज़ार, और पंचायतों जैसे सार्वजनिक स्थलों और स्वच्छता के प्रति लोगों की धारणा तथा एसबीएम-जी आईएमआईएस की ओर से कार्यक्रम और डेटा सुधार के लिए दिए गए सुझावों को आधार बनाया गया था । स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के तहत पूरे भारत में 685 जिलों के 6786 गांवों को शामिल किया गया था । इनमें 6786 गांवों में 27,963 सार्वजनिक स्थानों अर्थात स्कूल, आंगनवाड़ी, सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र, हाट/बाज़ार/धार्मिक स्थानों आदि का सर्वेक्षण एक स्वतंत्र एजेंसी ने किया था।

एसबीएम-जी संबंधित मुद्दों पर गांववासियों की प्रतिक्रिया जानने के लिए लगभग 182,531 नागरिकों का साक्षात्कार किया गया था । इसके अलावा एक ऐप के जरिए नागरिकों को स्वच्छता संबंधी मुद्दों पर ऑनलाइन प्रतिक्रिया देने के लिए भी कहा गया था । प्रत्यक्ष निरीक्षण से डेटा संग्रह सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता की स्थिति के भौतिक अवलोकन पर आधारित था।

ऐक्टर अक्षय कुमार बॉलिवुड के फिट सितारों में से एक हैं

मुंबई, ऐक्टर अक्षय कुमार बॉलिवुड के फिट सितारों में से एक हैं । उनके स्टंट की सराहना प्रशंसक ही नहीं, आलोचक भी करते हैं । अक्षय की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है । सोशल मीडिया पर भी उनके चाहने वालों की लिस्ट लंबी है । अक्षय फिल्मों और सोशल मीडिया के माध्यम से फैंस को अपने स्टंट का कारनाम दिखाते रहते हैं । अक्षय कुमार का लेटेस्ट स्टंट इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए उनके विडियो में देखा जा सकता है ।

इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए विडियो में अक्षय कुमार साइकलिंग करते हुए नजर आ रहे हैं । इसके बाद वह साइकल की हैंडल छोड़कर बॉक्सिग करने लगते हैं । साइकल चलाते हुए लगातार बॉक्सिग कर रहे अक्षय का स्टंट बिल्कुल अलग तरह का है । उनका यह विडियो वायरल हो रहा है । इस विडियो को लाखों लाइक्स मिल चुके हैं । इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए इस विडियो के कैप्शन में अक्षय ने लिखा है, काफी फ्री महसूस कर रहा हूं । जैसलमेर की रेगिस्तानी सड़कों पर बिना हैंडल पकड़े साइकलिंग कर रहा हूं । लाइफ में बैलेंस और स्टेबिलिटी जरूरी है । कृपया ऐसा सड़कों पर करने की कोशिश न करें । अक्षय कुमार ने पिछले हफ्ते भी फिटनेस विडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था । इस विडियो में वह नेक एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं । यह विडियो भी जैसलमेर का ही हां, जहां वह इन दिनों फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं ।

स्वच्छता अभियान की समाप्ति

15 सितम्बर 2018 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम पूरे देश में उत्साह पूर्वक पूरा करते हुए 02 अक्टूबर पूज्य बापू गाँधी जयंती पर विभिन्न प्रोत्साहित कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ । प्रत्येक राज्यों के भांति केन्द्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के नागरिक और प्रशासन ने भी उत्साह के साथ अपनी भागीदारी का निर्वाह किया । इस कार्यक्रम के अंतर्गत लक्षद्वीप प्रशासन के द्वारा भी विभिन्न प्रकार के परितोषिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। 02 अक्टूबर 2018 को राजधानी कवरती में माननीय प्रशासनिक अधिकारी श्री फारूक खान, कलेक्टर श्री विजेन्द्र सिंह रावत, अध्यक्ष एवं मुख्य सलाहकार श्री बी. हसन आदि की उपस्थिति में सभी भागीदार नागरिक एवं संस्थाओं को उनके उत्कृष्ट स्वच्छता ही सेवा के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । (1-5)

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव श्री एंटोनियो गुटेरेस ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद से मुलाकात की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के तौर पर पहली बार भारत यात्रा पर आए श्री गुटेरेस का स्वागत करते हुए श्री कोविंद ने कहा कि महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन स्वच्छता सम्मेलन और स्वच्छ भारत अभियान की चौथी वर्षगांठ पर उनकी सहभागिता के प्रति भारत आभारी है । राष्ट्रपति ने महात्मा गांधी की विरासत का प्रसार करने के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया । श्री कोविंद ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में कई परिवर्तन हुए है जिसमें डिजिटल तकनीक और समावेशी विकास नीतियों का काफी योगदान है । इनमें महिला-पुरुष सशक्तिकरण, स्वच्छता, वित्तीय समावेशों, 250 मिलियन से अधिक लोगों को स्वच्छ भोजन पकाने के लिए कुकिंग गैस उपलब्ध कराना, 50 मिलियन लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराना तथा देश के लाखों लोगों तक बिजली पहुंचाना शामिल हैं । भारत सतत विकास के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और यह प्रतिबद्धता केवल हमारे देश तक ही सीमित नहीं है ।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अवसर पर दिल्ली में दो स्थानों पर श्रमदान का आयोजन

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अवसर (15 सितंबर से 2 अक्तूबर) पर जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय ने आज यमुना नदी में आईटीओ के नजदीक छठ घाट पर श्रमदान का आयोजन किया। अभियान के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि घाट को हर प्रकार के ठोस कचरे से मुक्त कर दिया जाए।

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय में सचिव श्री यू.पी. सिंह के नेतृत्व में मंत्रालय के स्वयंसेवियों ने छठ घाट से प्लास्टिक और अन्य ठोस कचरे की सफाई की। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा, डब्ल्यूएपीसीओएस द्वारा छठ घाट में नियमित आधार पर सफाई का काम अपने हाथ में लेने के बाद वहां सफाई के मामले में सुधार देखने को मिला है।

२०१९ से पहली ही विपक्षी एकता ढेर

राजस्थान, एमपी में कांग्रेस से गठबंधन नहीं : मायावती

लखनऊ, बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) सुप्रीमो मायावती ने राजस्थान और मध्य प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस को तगड़ा झटका दिया है । मायावती ने साफ शब्दों में ऐलान कर दिया है कि इन जगहों पर कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा । बीएसपी सुप्रीमो ने कांग्रेस पर उनकी पार्टी को खत्म करने की साजिश का भी आरोप लगाया है । माया के हवालों ने २०१९ के आम चुनावों से पहले विपक्षी एकता और यूपी में महागठबंधन की कवायद को भी ढेर कर दिया है । मायावती ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह बयान के संदर्भ बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस पर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया । मायावती ने दिग्विजय सिंह को संघ का एजेंट बताते हुए कहा कि सोनिया और राहुल गांधी के ईमानदार प्रयासों के बावजूद उनके जैसे कुछ नेता नहीं चाहते कि कांग्रेस-बीएसपी गठबंधन हो । मायावती ने दिग्विज के बयान के बहाने पूरी कांग्रेस पार्टी की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं । आपको बता दें कि दिग्विजय सिंह ने अपने बयान में कहा था कि मायावती सीबीआई के डर से गठबंधन में शामिल नहीं हो रही हैं । मायावती ने कहा है कांग्रेस पार्टी बीजेपी को केंद्र की सत्ता से हटाने के लिए गंभीर नहीं है और वह बहुजन समाज पार्टी को खत्म करना चाहती है । बीएसपी सुप्रीमो ने यह भी कहा कि बहुजन समाज पार्टी आगामी समय में होने वाले विधानसभा चुनाव में अकेली ही उम्मीदवारी करेगी और कांग्रेस से अब कभी गठबंधन नहीं किया जाएगा । मायावती ने पलटवार करते हुए कहा है कि दिग्विजय सिंह बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं । मायावती ने कहा कि कांग्रेस में राहुल गांधी और सोनिया गांधी बीएसपी से गठबंधन के लिए गंभीर है, लेकिन पार्टी के अन्य नेता ऐसा नहीं होने देना चाहते ।

न्यूवोको ने 5वां सीएसआर इम्पैक्ट अवोर्ड 2018 जीता

मुंबई : न्यूवोको विस्तारा कॉर्प लिमिटेड, (पूर्व में लोफार्ज इंडिया लिमिटेड), देश के अग्रणी निर्माण सामग्री निर्माताओं में से एक, को हाल ही में महिला सशक्तिकरण श्रेणी में 5वां सीएसआर इम्पैक्ट अवोर्ड 2017-18 प्राप्त हुआ । न्यूवोको के प्रोजेक्ट समृध्धि को ये अवोर्ड मिला है, जिसमें उन्हें आजीविका के स्थायी स्त्रोत में शामिल करके समुदाय में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित किया जा रहा है । यह अवोर्ड श्री अनंत कुमार हेगड़े, केंद्रीय कौशल राज्य विकास और उध्यमिता, भारत सरकार, द्वारा टीम को प्रदान किया गया ।

सीएसआर इम्पैक्ट अवोर्ड्स सीएसआर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से उच्च प्रभाव प्रदान करने और बहु-अंशधारक दृष्टिकोण को अपनाने के लिए, प्रोजेक्ट परिणामों में उत्कृष्टता के कारण कंपनियों, सीएसआर नींव और सीएसआर कार्यान्वयन एजेंसियों को प्रोत्साहित करने के लिए एनजीओबॉक्स की एक पहल है । यह पहल अखिल भारतीय स्तर पर 14 श्रेणियों में उच्च प्रभाव सीएसआर प्रोजेक्ट्स की पहचान करने पर केंद्रित है । पुरस्कार प्रोजेक्ट्स की योजना, पहचान और परिणामों की डिलीवरी में बेंचमार्क सेट करने के लिए, विशेष विषयगत क्षेत्रों में संगठनों द्वारा किए गए प्रोजेक्ट विशिष्ट प्रभावों की सराहना करना चाहते हैं । ज्यूरी दौर के साथ समाप्त होने वाले दो चरण के मूल्यांकन के बाद 110 आवेदकों में से 22 पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया । अन्य श्रेणियों में विजेताओं में टाटा स्टील लिमिटेड, स्वदेश फाउंडेशन, आईसीआईसीआई फाउंडेशन, और जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड आदि कुछ नाम शामिल हैं ।-

संपादक-चुनीलाल एस. भट्ट, मुद्रक एवं प्रकाशक-मयुर सी. भट्ट, प्रकाशन स्थल-201, 202, 208 नंदन कोम्पलेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद-6. मालिक-कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा महादेव ऑफसेट, एच-47, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद में छपवाकर प्रकाशित किया।
फोन-26568477, 26409779.
E : alpaviram1@yahoo.com

बहुजन क्रांति मोरचा समाज में वैमनस्य फैला रहा हैः बह्म समाज

अहमदाबाद. बहुजन क्रांति मोरचा द्वारा 18 सितम्बर, 2018 को कच्छ के नखत्राणा से प्रारंभ की गई परिवर्तन यात्रा रैली के स्वरूप में समग्र गुजरात में घूम कर आगामी 22 अक्टूबर, 2018 को अहमदाबाद रिवरफ्रन्ट में समाप्त हो रही है।

बहुजन क्रांति मोरचा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेसराम द्वारा रैली में विविध जगहों पर विभिन्न समाज के बीच वैमनस्य उत्पन्न हो इस प्रकार से ब्रह्म समाज, समस्त हिन्दु समाज तथा सनातन धर्म के देवी देवता तथा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आरएसएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन भागवत के बारे में लगातार अभद्र टिप्पणियां कर समाज में जहर फैलाने का कार्य हो रहा है।

उन्हें समाज में वैमनस्य फैलाने से रोकने के लिए गुजरात में कई जिलो-तहसीलस्तर पर आवेरन पत्र देकर यात्रा समाप्त करें अथवा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणियों का प्रयोग नहीं करने हेतु बार बार निवेदन किये गये है।

इसी क्रम में गुजरात ब्रह्म समाज राज्य इकाई द्वारा आगामी 22 अक्टूबर, 2018 को अहमदाबाद में आयोजित रैली के समापन के दौरान बहुजन मोरचा के सदस्यों द्वारा किसी भी समाज या सामाजिक टिप्पणियां नहीं की जायें इसके लिए मुख्यमंत्री विजयभाई रूपाणी, नायब मुख्यमंत्री नीतिनभाई पटेल, गृहमंत्री प्रदीपसिंह जाडेजा और गुजरात पुलिस के शिवानंद झा तथा अहमदाबाद पुलिस कमिशनर ए.के. सिंघ को लिखित पेशकश की गई है । (20-4)

वालमार्ट-फ्लिपकार्ट के विरोध में कैट की रथयात्रा का गुजरात में स्वागत

अहमदाबाद, देशभर के 4 करोड़ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम खुदरा दुकानदारों के प्रतिनिधि संगठन फेडरेशन ऑफ रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफ्आरएआई) ने आज देशभर के अपने सदस्य रिटेल एसोसिएशनों के साथ कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की रथयात्रा का स्वागत किया। वालमार्ट-फ्लिपकार्ट सौदे के विरोध में देशभर के व्यापारियों ने 90 दिन की रथयात्रा का एलान किया है। आज यह रथयात्रा अहमदाबाद, राजकोट और सूरत पहुंची। एफ्आरएआई ने इंटरनेट मार्केटिंग कंपनियों द्वारा अपनाई जाने वाली डीप डिस्काउंटिंग, लॉस फंडिंग और मार्केट कन्संट्रेशन रणनीतियों के कारण लाखों परिवारों की आजीविका पर आसन्न खतरों को देखते हुए भारत सरकार से वालमार्ट-फ्लिपकार्ट सौदा रद करने की अपील भी की है।

भारत में असंगठित खुदरा क्षेत्र रोजगार सृजन के मामले में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है। बहुत से खुदरा दुकानदार आर्थिक रूप से निचले तबके से आते हैं। साथ ही ये अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले व्यक्ति होते हैं, जो दो वक्त की रोटी और परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करते हैं। इन खुदरा दुकानदारों के लिए अर्थपूर्ण रोजगार मिलना बेहद कठिन होता है और वे जीवन यापन के लिए इन्हीं छोटे रोजगारों पर निर्भर होते हैं। खुदरा दुकानदार देर तक काम करते हैं। इनमें से ज्यादातर दुकानदार हफ्ते में सातों दिन सुबह सूरज उगने से लेकर देर रात तक काम करते हैं। वे कभी छुट्टी नहीं लेते, क्योंकि कारोबार करने की लागत और जीवनयापन की जरूरतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। (13-5)

रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि का ऐलान हुआ

गेहूं की एमएसपी १०५, चने की २२०, मसूर की २२५. सरसों की एमएसपी २०० रूपये प्रति क्विंटल बढ़ी है

नई दिल्ली, केंद्र की मोदी सरकारने त्योहारी मौसम में किसानों को बड़ी खुशखबरी दी है । केंद्रीय कैबिनेट ने आज रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने का ऐलान कर दिया । सरकार के ताजा फैसले के मुताबिक, गेहूं की एमएसपी १०५ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा दी गई है । वहीं, चने की एमएसपी २२० रुपये प्रति क्विंटल, मसूर की २२५ रुपये प्रति क्विंटल और सरसों की एमएसपी प्रति क्विंटल २०० रूपये प्रति क्विंटल बढ़ी है । इस तरह, फसल वर्ष २०१८-१९ के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़कर १८४० रुपये प्रति क्विंटल हो गया है । फसल वर्ष २०१७-१८ में प्रति क्विंटल गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य १७३५ रुपये था । इसी तरह, सरसों की एमएसपी ४२०० रुपये प्रति क्विंटल, चना की ४६२० रुपये प्रति क्विंटल और मसूर की ४४७५ रुपये प्रति क्विंटल हो गई है ।

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस आशय का फैसला लिया गया । मौजूदा फसल वर्ष में समर्थन मूल्य बढ़ाने का फैसला कृषि लागत एवं कीमत आयोग (सीएसीपी) के सुझाव पर लिया गया है । यह किसानों को लागत पर ५० प्रतिशत लाभ दिए जाने के सरकार के वादे के भी अनुरूप है । केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए कहा भी कि एमएसपी में वृद्धि का फैसला, किसानों की आमदनी बढ़ाने के हमारे संकल्प को दिखाता है । उन्होंने बताया कि रबी फसलों की एमएसपी बढ़ाने से किसानों को ६२ हजार ६३५ करोड़ रुपये का फायदा होगा ।